FIROZABAD POLICE

सुरक्षा आपकी संकल्प हमारा

## पुलिस मुठभेड़ दिनाँक 15-06-2025 थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।

# थाना सिरसागंज पुलिस टीम द्वारा 15 हजार रुपये के इनामिया गैंगस्टर अभियुक्त अमित उर्फ शीटू यादव सहित कुल 02 अभियुक्तों को पुलिस मुठभेड़ के दौरान किया गया गिरफ्तार।

- **अभियुक्त अमित उर्फ शीटू यादव थाना नसीरपुर का टॉप टेन सक्रिय अपराधी है।**
- **अभियुक्त अमित उर्फ शीटू यादव 15 हजार रुपये का इनामिया गैंगस्टर अभियुक्त भी है।**
- **अभियुक्तों के कब्जे से 02 तमंचे 315 बोर, 02 खोखा कारतूस, 02 जिंदा कारतूस, 1100 रुपये एवं 01 मोटरसाईकिल बरामद।**
- **अभियुक्त अमित उर्फ शीटू यादव पुलिस मुठभेड़ के दौरान गोली लगने से हुआ घायल।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी सिरसागंज के कुशल नेतृत्व में थाना सिरसागंज पुलिस टीम को मुखबिर खास द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि थाना नसीरपुर का टॉप टेन एवं 15 हजार रुपये का इनामिया गैंगस्टर अभियुक्त अमित उर्फ शीटू यादव पुत्र अतेन्द्र सिंह अपने 01 अन्य साथी विकास पुत्र मंशाराम के साथ किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में थाना क्षेत्र में घूम रहा है। सूचना पर थाना सिरसागंज पुलिस टीम द्वारा पैंगू रोड पर सराय लुकमान मोड के पास चैकिंग की जा रही थी। चैकिंग के दौरान पुलिस टीम को मोटर साइकिल पर सवार 02 संदिग्ध व्यक्ति आते हुए दिखाई दिए। पुलिस टीम द्वारा मोटर साइकिल सवार उक्त संदिग्ध व्यक्तियों को रुकने का इशारा किया गया तो संदिग्ध व्यक्ति पुलिस टीम को देखकर मोटर साइकिल को सराय लुकमान की तरफ मोड़कर भागने लगे, लेकिन हड़बड़ाहट में भागते समय उनकी मोटर साइकिल फिसलकर गिर गई। पुलिस टीम को नजदीक आता हुए तथा खुद को घिरता हुआ देखकर संदिग्ध व्यक्तियों द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया। थाना सिरसागंज पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी कार्यवाही में 01 अभियुक्त के पैर में गोली लग गई जिससे वह घायल हो गया। घायल अभियुक्त की पहचान अमित उर्फ शीटू पुत्र अतेन्द्र सिंह निवासी ग्राम मौ0 गढ़रयान कस्बा व थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद के रुप में हुई जोकि थाना नसीरपुर का टॉप टेन सक्रिय अपराधी एवं 15 हजार रुपये का इनामिया अभियुक्त है। तथा दूसरा अन्य अभियुक्त पुलिस मुठभेड़ के दौरान मौके से भागने लगा जिसे पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया है जिसकी पहचान विकास पुत्र मंशाराम निवासी लखनपुर थाना नसीरपुर जनपद फिरोजाबाद के रुप में हुई है। अभियुक्तों के कब्जे से 02 अवैध तमंचे 315 बोर, 02 जिंदा कारतूस एवं 02 खोखा कारतूस, 1,100 रुपये एवं 01 मोटरसाइकिल बरामद हुए है। घायल अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम-पता गिरफ्तारशुदा अभियुक्तः-**

1. अमित उर्फ सीटू यादव पुत्र अतेन्द्र सिंह निवासी ग्राम मौ0 गढ़रयान सिरसागंज थाना जनपद फिरोजाबाद।
2. विकास पुत्र मंशाराम निवासी लखनपुर थाना नसीरपुर जनपद फिरोजाबाद।

**बरामदगी का विवरण-**

1. 02 अवैध तमंचे 315 बोर।
2. 02 जिंदा कारतूस, 02 खोखा कारतूस ।
3. 1100 रुपये।
4. 01 स्पलेंडर प्लस मोटरसाइकिल।

**आपराधिक इतिहास अभियुक्त अमित उर्फ शीटू-**

1. मु0अ0सं0 477/23 धारा 323, 504, 506 भादवि0 थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।
2. मु0अ0सं0 0206/23 धारा 147/148/149/302/336 भादवि0 थाना नसीरपुर जनपद फिरोजाबाद।
3. मु0अ0सं0 89/23 धारा 147/148/323/504/506/354/452/427 भादवि0 थाना नसीरपुर जनपद फिरोजाबाद।
4. मु0अ0सं0 52/24 धारा 3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना नसीरपुर जनपद फिरोजाबाद।
5. मु0अ0सं0 827/22 धारा 352/504/506 भादवि थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।
6. मु0अ0सं0 666/19 धारा 363/366 भादवि व 7/8 पोक्सो एक्ट थाना करहल जनपद मैनपुरी।
7. मु0अ0सं0 99/25 धारा 2/3 गैंग0 एक्ट थाना नसीरपुर जनपद फिरोजाबाद।
8. मु0अ0सं0 329/25 धारा 109/352/317(2)/317(5) बीएनएस 3/25/27 आर्म्स अधि0 थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।

**आपराधिक इतिहास अभियुक्त विकास-**

1. मु0अ0सं0 329/25 धारा 109/352/317(2)/317(5) बीएनएस 3/25/27 आर्म्स अधि0 थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।

**गिरफ्तारी / बरामदगी करने वाली पुलिस टीम-**

1. थाना प्रभारी वैभव कुमार सिंह थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।
2. उ0नि0 राज नारायण थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद
3. उ0नि0 भैया लाल थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद
4. उ0नि0 अशोक कुमार थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद
5. हे0का0 शिव शंकर थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद
6. हे0का0 पवन चौधरी थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद
7. हे0का0 हीरालाल थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।
8. हे0का0 यशपाल भाटी थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद
9. हे0का0 अनिल कुमार थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद
10. का0 अमित सिंह थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद
11. का0 बलवीर सिंह थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद
12. का0 राहुल पाल थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद